आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel



# पेयजल विभाग का दावा, होली में नहीं होगी पानी की किल्लत

**इंजीनियरों को दिशा-निर्देश दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होली को लेकर पानी की किल्लत न हो, इसके लिए पेयजल विभाग ने अपनी व्यवस्था दुरूस्त कर ली है। त्योहार की इस उमंग में वाटर सप्लाई प्रभावित ना हो, इसको लेकर चारों डिवीजन के कार्यपालक अभियंताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की एजेंसी और अपने इंजीनियरों को दिशा-निर्देश दिये हैं। बता दें कि रांची के रूक्का और बूटी डिवीजन के कार्यपालक अभियंता राधेश्याम रवि ने अपने सभी सहायक एवं कनीय अभियंताओं को होली में वाटर सप्लाई सामान्य रहे, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा रेगुलर बेसिस पर पाइप लाइन की निगरानी करने को कहा है। साथ ही कहा कि अगर किसी क्षेत्र में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाये, तो उसे युद्ध स्तर पर दुरूस्त करके अविलंब वाटर सप्लाई सुनिश्चत करें। इसके अलावे उन्होंने आउटसोर्सिंग एजेंसी को भी अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। वहीं हटिया डिवीजन के कार्यपालक अभियंता सुशील टुडू और गोंदा डिवीजन के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह ने अपने-अपने इंजीनियरों और मेंटनेंस कार्य देख रहे ठेकेदारों को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही पेयजल विभाग ने नंबर भी जारी किया है।

# केनरा बैंक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय रांची द्वारा हितेश गोयल महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन डिजिट ऑलः लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी के थीम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. जयती सिमाली, निदेशक, आरआइपीएएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं रामचंद्र मंडल प्रबंधक ने सभी का स्वागत किया। डॉ. जयती सिमाली ने कहा कि महिलाएं कानून व अपने अधिकार का दुरुपयोग न करें, जिससे परिवार के सदस्यों को मानसिक पीड़ा व सामाजिक अवहेलना का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सभी के साथ सामंजस्य स्थापित करने का आग्रह किया। हितेश गोयल, महाप्रबंधक ने राष्ट्र-निर्माण में महिलाओं के योगदान के बारे में बताया। महिलाएं जगत-जननी हैं, उनके अस्तित्व से ही इस संसार का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि महिलाएं बैंक में उच्च पदों को सुशोभित कर रही हैं और नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। वे हर कार्य बखूबी करती हैं। इस दौरान अंचल कार्यालय के परिसर में केनरा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। अंत में संजीव कुमार सहायक महाप्रबंधक ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र साहू, सहायक महाप्रबंधक; मंडल प्रबंधकगण प्रशांत कुमार सिंह, तपन कुमार दाश, शिव शंकर और आशीष मिश्रा सहित अंचल कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# होली को लेकर अलर्ट पर रिम्स और सदर अस्पताल

**इलाज के लिए सभी जरूरी संसाधन की व्यवस्था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रंग-अबीर व गुलाल का त्योहार होली की मस्ती छाने लगी है। यह भी देखा जाता है कि इस त्योहार में पूजा -पाठ व मस्ती से ज्यादा लोग नशे में डूबे रहते हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण सैकड़ों की संख्या में लोग घायल होकर अस्पताल पहुंचते हैं। 2022 में रिम्स व सदर अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, दो दिन में 110 से ज्यादा एक्सिडेंटल पेशेंट अस्पताल पहुंचे थे। इनमें करीब 74 घायलों ने अत्यधिक शराब का सेवन किया था। बाकी घायल शराब पीने वालों की चपेट में आने के कारण अस्पताल पहुंचे थे। कुल रोगियों में 8 की मौत भी इलाज के दौरान हुई थी। जबकि 3 को ब्रॉड डेड रिम्स लाया गया था। ये डराने वाले आंकड़े जरूर हैं। लेकिन अगर थोड़ी सावधानी बरती जाये, तो सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है।

रांची की खबरें पेज 10 पर भी

## इडी की कार्रवाई : बढ़ सकती हैं एक्का की मुश्किलें

# राजीव अरुण एक्का से इडी कर सकती है पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आइएएस राजीव अरुण एक्का की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक एक्का से इडी पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। उन्हें जल्द ही समन जारी किये जाने की उम्मीद है। गौरतलब है कि इडी ने विशाल चौधरी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। विशाल के 24 नवंबर 2022 को थाइलैंड भागने के दौरान उसे दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़कर इडी के हवाले किया गया था। इडी ने विशाल से पूछताछ की थी और उसे छोड़ दिया था। सूत्रों की मानें तो वीडियो क्लीप पहले ही इडी के हाथ लग चुकी है। जब विशाल चौधरी के यहां इडी ने छापा मारा था, तभी से इडी को कई सबूत मिले थे। विशाल चौधरी के मोबाइल में और भी कई क्लीप थे, जिनमें से एक आइएएस राजीव अरुण एक्का का वीडियो क्लीप है। इडी इन सभी वीडियो की पुष्टि करने में लगी थी। अब एक्का को पूछताछ के लिए समन की तैयार कर रही है।

## मेरा करियर बेदाग रहा है, आरोप बेबुनियादः राजीव अरुण एक्का

**रांची।** आइएएस राजीव अरुण एक्का ने वायरल वीडियो मामले में खुद को निर्दोश बताया है। उन्होंने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया। एक्का ने कहा कि मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है। मैंने तीस साल की नौकरी में कई पदों पर काम किया है। मैं कई जिलों में डीसी रहा, लेकिन कहीं भी मुझ पर आरोप नहीं लगे। मैंने ना कोई संपत्ति अर्जित की है और ना ही पैसे का कोई लालच रखा है। मुझ पर जो आरोप लगाये जा रहे हैं वह बेबुनियाद हैं। मैं किसी सरकारी कागज पर साइन नहीं कर रहा। मेरे दफ्तर में इस तरह के हजारों पेपर हैं, उनमें से किसी को भी यह कहकर दिखा देना कि मैंने सरकारी कागज पर साइन किया है, गलत है। किसी परिचित के साथ बैठना उसे सलाह देना बुरा नहीं है। मैं अपने निजी जीवन में किससे मिलता हूं यह मेरा फैसला है। एक्का ने कहा कि किसी से दोस्ती करना गलत नहीं है। मैंने कोई भी सरकारी कागज पर दफ्तर के बाहर हस्ताक्षर नहीं किया। मुझ पर आरोप है कि मैंने किसी को लाभ पहुंचाया है। क्या लाभ पहुंचाया? इसे लेकर किसी के पास कोई सबूत नहीं है। मेरे पास गृह विभाग की जिम्मेदारी थी, तबादला मेरे हाथ में नहीं था। मेरे पास कोई शक्ति नहीं थी, जिससे मैं किसी को लाभ पहुंचा सकता था। एक्का ने बाबूलाल मरांडी के आरोप पर कहा कि मैं किसी सरकारी कागज पर दफ्तर के बाहर साइन नहीं करता। मैंने अपने दफ्तर में और यात्रा के दौरान अपनी गाड़ी में सरकारी फाइलें देखी है। किसी से आपका परिचय है इसका यह मतलब नहीं है कि आप उन्हें लाभ पहुंचा रहे हैं। जो वीडियो जारी किया है उसमें मैं कोई और बात लिख रहा हूं, वह सरकारी कागज नहीं है। पेपर पर मैं कुछ समझाने की कोशिश कर रहा हूं। यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित आरोप हैं। मैं इन आरोपों को सिरे से खारिज करता हूं। मेरा पंचायती राज में तबादला किया गया है। मैं सरकार के इस फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं करता चाहता।

# समुचित कीमत में प्रीमियम सुविधाएं दे रहा है एसोटेक हिल्स

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सर्वोच्च क्वालिटी और समय पर डिलीवरी को प्रतिबद्ध एसोटेक सन ग्रोथ अपने प्रीमियम प्रॉजेक्ट सेक्टर 2 की डिलीवरी जून 2025 से शुरू करेगा। यह प्रॉजेक्ट टैगोर हिल रोड बोरेया रांची में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बनकर तेजी से तैयार हो रहा है। एसोटेक के प्रॉजेक्ट सेक्टर 2 में 3 बीएचके और 2.5 बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध होंगे। इस टाउनशिप में मॉडर्न लाइफ की सारी सुविधाऐं मौजूद रहेंगी जैसेः- स्पोर्ट्स फैसिलिटी, स्विमिंग पूल विथ डेक, योगा और मेडिटेशन कोर्ट, शॉपिंग आर्केड, जॉगिंग ट्रैक, आउटडोर जिम, मॉडर्न क्लब हाउस इत्यादि। साथ ही साथ इसका लोकेशन भी आधुनिक जीवन शैली को सुकून देने वाला है, जहां से स्कूल, हॉस्पिटल, एयर पोर्ट, रेलवे स्टेशन , मार्केट एरिया, जैसे फिरायालाल चौक मात्र एक से सात किलोमीटर की दूरी पर हैं। एसोटेक हिल्स के प्रबंधकों का कहना है कि सेक्टर 2 रांची का बेहतरीन और इंटीग्रेटेड टाउनशिप होगा जो समुचित कीमत पर जून 2025 से अपने प्रतिष्ठित ग्राहकों को डिलीवर करना शुरू कर देंगे।

प्रीमियम होम्स की ओर बढ़ते कदम वाले प्रबंधन ने बताया कि एसोटेक सन ग्रोथ ने 36 वर्षों में 6 राज्यों में 45 प्रोजेक्ट्स पर सर्वोच्च तकनीक से काम करते हुए 40000 यूनिट्स को अपने हैप्पी कस्टमर्स को डिलीवर कर दिया है। ज्ञातव्य है कि एसोटेक हिल्स रांची, एनजीटी से क्लियरेंस प्राप्त है और रेरा में निर्बंधित है। ग्राहकों के लिए एसबीआइ, पीएनबी, और जेआरजीबी से लोन/ फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। इन सभी सुविधाओं को देखते हुए झारखंड के ग्राहकों के बीच उत्साह का माहौल है और बुकिंग जोरों पर है। इच्छुक ग्राहक किसी भी तरह की जानकारी के लिए +91 7971845222 पर संपर्क और www. assotech-hills.in पर विजिट कर सकते हैं।

# शिक्षा, संस्कार और समता के रंगों से सजी मां द्रौपदी फाउंडेशन की होली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रंगोत्सव होली के शुभ अवसर पर सोमवार को मां द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा कांके रोड में हातमा और बंगला टोली के बच्चों के साथ होली मिलन का आयोजन किया गया। मां द्रौपदी फाउंडेशन की निदेशक सुषमा शंकर ने बच्चों को बताया कि जीवन के रस_रंग में अगर शिक्षा, संस्कार और समता का रंग और रस नहीं मिलाया गया तो तो यह मानव जीवन अधूरा है। देश भर में होली का पर्व धूम धाम से मनाया जा रहा है किंतु कुछ वर्ग अभी भी समाज में हाशिए पर हैं। रंगोत्सव होली का इंद्रधनुषी रंग तभी पूरा होगा जब हर चेहरे पर खुशियों वाला रंग हो। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के भावार्थ को समझाते हुए सुषमा शंकर ने शिक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया कि बच्चे किस प्रकार शिक्षित होकर अपने जीवन को खुशियों के रंग से रंगीन कर सकते हैं। खुद भी आगे बढ़ें और समाज को भी आगे बढ़ने में मदद करें। तभी भारत आगे बढ़ेगा। ऐसे बड़े विचार बच्चों को अपनाने की प्रेरणा निदेशक ने दिया।

समारोह में उपस्थित गुरुगेशिया के प्रोपराइटर शंकर कुमार ने बच्चों को नशा सेवन के दुष्परिणाम के बारे में बताया और जीवन में नशा न करने की हिदायत दी। शांभवी एवं निहारिका ने भी बच्चों को समता मूलक समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया। बच्चों में मिठाई, नमकीन, कोल्ड ड्रिंक्स आदि का वितरण भी किया गया। समारोह में सोमा उरांव, निशांति, अदिति, डेनियल, सीमा, दशमी समेत सत्तर बच्चों ने उल्लास पूर्वक हिस्सा लिया।

## एनआइए कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड का ट्रायल अक्टूबर 2023 तक पूरा करें

**नौ जुलाई 2008 को बुंडू के एसएस हाइस्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री सह तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में एनआइए कोर्ट, रांची को अक्टूबर 2023 तक ट्रायल पूरा लेना है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले के मुख्य साजिशकर्ता गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट को यह निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज करते हुए उनसे कहा है कि करीब 11 माह में एनआइए कोर्ट, रांची इस मामले में ट्रायल पूरा नहीं करती है, तो वह जमानत के लिए दोबारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकते हैं। राजा पीटर को इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए एनआइए ने उन्हें 9 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में हैं। इस मामले में एनआइए ने करीब पांच प्रोटेक्टेड गवाह की गवाही भी करायी है। एनआइए ने 28 जून 2017 को मामले को टेकओवर किया। ज्ञात हो कि 9 जुलाई 2008 को बुंडू के एसएस हाइस्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। रांची पुलिस के अलावा सीआइडी भी इस हत्याकांड की जांच कर चुकी है, लेकिन ये हत्यारे तक नहीं पहुंच सके थे। इसके बाद एनआइए ने मामले को टेकओवर किया था। इसी मामले में राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार को 7 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में संलिप्त रहे नक्सली कुंदन पहन ने राज्य पुलिस के सामने 27 मई 2017 को आत्मसमर्पण किया था, उक्त मामले में एक दर्जन आरोपी जेल में हैं।

# सीसीएल के सीएमडी ने कोल मैराथन की वेबसाइट लांच की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने कोल मैराथन की वेबसाइट लांच की। इस अवसर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (यो/परिजोना) बी सैराम, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, झारखंड एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकांत पाठक एवं अन्य उपस्थित थे। प्रथम बार सीसीएल यह कोल मैराथन आयोजन रांची में कर रहा है और देश के प्रोफेशनल धावक भाग लेंगे। आयोजन चार कैटिगरी में किया जा रहा है। प्रथम 42 किलोमीटर का मैराथन दौड़, दूसरा 21, 10 एवं 5 किलोमीटर का दौड़ किया जायेगा। देश के इच्छुक धावक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# केंद्रीय सरना समिति का होली मिलन समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय 13 आरआइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में फगुआ मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने की। बैठक में केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि फगुआ आदिवासी समाज की अहम परंपरा संस्कृति है। फगुआ में गांव मौजा के पहान के द्वारा फगुआ काटने की परंपरा है जिसमें गांव मौजा के पहान के द्वारा सेमर के डाल को गाड़ा जाता है एवं सेमर का डाल जिसमें 3 टहानियां निकली हुई होती हैं। उसमें पुआल, खेर घास डाला जाता है। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुनेश्वर लोहरा महासचिव संजय तिर्की, प्रमोद एक्का, सचिव विनय उरांव, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महासचिव विमल कच्छप, बाना मुंडा, गुना बाखला, दीपक जायसवाल एवं अन्य शामिल थे।

## त्योहार : रंग, अबीर, पिचकारी से सज गया है बाजार

# रांची में होली को लेकर लोगों में उत्साह, जमकर हो रही खरीदारी

**होली मिलन समारोह का चल रहा दौर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में होली को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। रंग, अबीर, पिचकारी से बाजार सज गया है। बच्चे, युवक, बुर्जुग, महिलाएं सभी होली को लेकर दुकानों से रंग, अबीर और पिचकारी खरीद रहे हैं। दूसरी ओर रांची में अलग-अलग जगहों पर होली मिलन समारोह का दौर जारी है। लोग अभी से ही पूरी तरह होलियाना मूड में नजर आ रहे हैं। रांची के हरमू बाजार के रंग, अबीर और पिचकारी के दुकानदार महेश कुमार ने बताया कि बाजार में होली का रंग पूरी तरह चढ़ गया है। बिक्री ठीक हो रही है। खुशबू वाले हर्बल रंग और अबीर की बिक्री ज्यादा है। उन्होंने बताया कि सबसे कम दाम की पिचकारी 30 रुपये की है जबकि सबसे अधिक दाम की एक हजार रुपये तक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान में पांच रुपये से लेकर 60 रुपये का रंग है। कोकर के दुकानदार आशिष कुमार ने बताया कि इस बार होली को लेकर अच्छी बिक्री हो रही है। नयी-नयी पिचकारी भी आई हैं। 20 रुपये से लेकर 800 रुपये तक की पिचकारी उनकी दुकान में उपलब्ध हैं। होली के दिन सुबह तक बिक्री होती है। कोरोना की वजह से पूर्व में दो साल काफी परेशानी हुई है। इस बार ज्यादा माल मंगवाया है। इस बार अबीर और रंग ज्यादा हर्बल मांग रहे हैं। लालपुर के दुकानदार रोशन कुमार ने बताया कि सुबह से ही अच्छी बिक्री हो रही है। उन्होंने बताया कि हर्बल रंग और अबीर की ज्यादा डिमांड है। बच्चों के लिए उनकी दुकान में 40 रुपये से 400 रुपये तक की पिचकारी है। महंगी पिचकारी ज्यादा नहीं लाये थे, पांच ही लाये थे वह बिक गयी। वहीं किशोरगंज के दुकानदार पप्पू कुमार ने बताया कि उनकी दुकान में एक से एक वैरायटी के होली के लिए समान है। दुकान में 10 रुपये से 100 रुपये के मास्क, रंग पांच रुपये से 100 रुपये, अबीर 20 रुपये से लेकर 150 रुपये तक मौजूद है। बिक्री अच्छी हो रही है।

# बैंक ऑफ इंडिया कोकर शाखा में होली मिलन



रांची (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया कोकर शाखा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शाखा में आये सभी ग्राहकों को शाखा द्वारा गुलाल का पैकेट दिया गया। जिसे लोगों ने शाखा के सराहनीय कार्य कहते गुलाल का पैकेट लेकर अपने-अपने घर ले गये तथा एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों के साथ साथ काफी संख्या में गणमान्य ग्राहक भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 07 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## सोनाहातू पूर्वी में 2.53 करोड़ की लागत से बननेवाली छह योजनाओं का शिलान्यास



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** विधायक सुदेश महतो ने सोमवार को सोनाहातू प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र भुरसूडीह, बोंगादार, तेतरटांड, कोड़ाडीह, लांदुपडीह और बारेडीह गांव में 2 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से छह योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें 2 करोड़ 6 लाख से दुलमी-बोंगादार-महुलडीह तक 2 किलोमीटर आरईओ सड़क निर्माण कार्य, जिला योजना अनाबद्ध निधि से लांदुपडीह और बारेडीह में 17-17 लाख से दो पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, 12 लाख से विधायक निधि से पीसीसी सड़क और सेड निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है। विधायक ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया जा रहा है। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी के लिये वृहत पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। पूरे पूर्वी क्षेत्र में स्वर्णरेखा नदी का पानी पाइप के माध्यम से घर तक पहुंचाने का काम अंतिम चरण में है। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कई कार्यक्रम चल रहे हैं। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य बीणा मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, सुनील सिंह, तारणी सिंह मुंडा, अशोक महतो, गौतम सिंह देव, शक्ति सिंह मुंडा, अनिता देवी, विश्वनाथ महतो, प्रदीप महतो, भजहरी महतो, जतरु सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## प्रमुख ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने सोमवार को हलमाद पंचायत में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें हलमाद प्राथमिक विद्यालय में जल नल योजना, हलमाद बरवा टोली में नाली निर्माण, मिसिर होटाग में पीसीसी पथ शामिल है। इस मौके पर उप प्रमुख आरती देवी, बीडीओ पावन आशीष लकड़ा, मुखिया मालती देवी, मुरलीधर करमाली, कनीय अभियंता मनीष कुमार और राजेंद्र प्रसाद मांझी आदि उपस्थित थे।

## तमाड़ इंटर कॉलेज के 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई, केक काटकर मनायी खुशी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सालगाडीह इंटर कॉलेज में सोमवार को 12वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित हुआ। जिसका आयोजन 11वीं के छात्र-छात्राओं ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा, शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर रंजीत कुमार मोदक, प्रो घनश्याम महतो, प्रोफेसर गोविंद चंद्र महतो, प्रोफेसर इंद्रा कुमारी, डॉ वंदना बनर्जी, प्रो छोटे लाल मुंडा, प्रो देवनन्दन सिंह मुंडा, प्रधान सहायक सुरेश महतो, शिवशंकर महतो, राजकुमार माझी, विधान चंद्र गोराई, साईं नाथ सिंह मुंडा, हलधर महतो, हरिनारायण महतो, अर्जुन मुंडा, केशव चंद्र महतो, प्रभात नायक, लाल सिंह मुंडा, अशोक कुंडु, अनंत महतो, नागेंद्र महतो आदि शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में 12वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं ने खुशी इजहार करते हुए केक काटा और प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को पारितोषिक देकर विदाई दी गई। कार्यक्रम में विकास प्रजापति, दीया चंद्रदेव और मुख्य संचालक प्रा घनश्याम महतो के हाथों विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## घर में काम करते हुए गर्भवती हुई नाबालिग लड़की, गर्भपात के बाद जच्चा-बच्चा गायब

**तमाड़ (स्वरूप भट्टाचार्य)।** तमाड़ अस्पताल टोली में 16 वर्ष नाबालिक लड़की का अवैध तरीके से गर्भपात कराए, जाने का मामला प्रकाश में आया है। यही नहीं गर्भपात के बाद से जच्चा-बच्चा दोनों नदारद बताए जा रहे हैं। लड़की परासी गांव की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक कुछ वर्षो से तमाड़ अस्पताल टोली स्थित एक घर में नाबालिक लड़की काम करती थी। वहीं वह गर्भवती हो गयी। नौ महीने तक बच्चे को गर्भ में रखा। एक सप्ताह पहले प्रसव के दौरान तमाड़ अस्पताल पहुंचा। वहां खून की कमी व ब्लड प्रेशर लो बताकर अस्पताल प्रबंधन ने पल्ला झाड लिया। इसके बाद 108 एम्बुलेन्स से उसे रांची रिम्स अस्पताल रेफर किया गया। पर रास्ते में ही बच्ची ने एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया। एम्बुलेंस चालक उसे बुंडू अस्पताल ले गया। फिर इलाज कराकर बच्चे के साथ वह तमाड़ चली आई और रहने लगी। तमाड़ में यह घटना आग की तरह फैल गयी। तमाड़ के डालसा को इसकी सूचना 28 फरवरी को लगी। डालसा के अनीमा मललिक व नंदा नायक बच्ची के घर एक मार्च को पहुंचे, जहां बच्ची और उसका बेटा घर में ही मिला। लड़की ने डालसा सदस्यों को पूरी घटना विस्तार से बताया। पर जब पिता के बारे में पूछा गया तो वह चुप हो गई। डालसा वाले लड़की को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में दाखिला कराने की बातें कहीं। फिर बच्चे को चाइल्ड होम में भेजने की बातें हुई। डालसा के लोगों का कहना है अब घर में न बच्ची है न उसका बच्चा। दोनों अचानक से नदारद हो गये। उनलोगों ने कहा कि एक नर्स भी बच्चा को खरीदने गयी थी, लेकिन उसे नहीं बेचा गया। आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बच्चा को बेच दिया गया है और प्रलोभन देकर, लड़की को भी कहीं भेज दिया गया है। डालसा ने कहा कि इसकी शिकायत पुलिस से की जाएेगी। उन्होंने फोटों भी उपलब्ध कराया. **आजाद सिपाही** के जरिए आग्रह किया कि उक्त बच्चे के पिता को ढूंढ निकाले और बच्ची को इन्साफ दिलाये।

## महिला अत्याचार और हिंसा को रोकने के लिए जागरूक होने की है जरूरत



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर सरना क्लब में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस समारोह के बतौर मुख्य अतिथि राजद महिला मोर्चा की चतरा जिलाध्यक्ष सारदा देवी के अलावा झामुमो महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सरोज देवी, पूर्व प्रमुख सीताराम साव मौजूद थे। समारोह की अध्यक्षता अनिमा कुजूर और संचालन बबीता देवी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। वर्तमान में सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कई योजना चला रही है, जिसका लाभ महिलाओं को लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस समारोह में लक्ष्मी अजिविका सखी मंडल द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

### गोल्डन पैलेस होली मिलन समारोह में जमकर उड़े अबीर-गुलाल

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें होली का त्योहार : नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** शहर के प्रतिष्ठित गोल्डन पैलेस में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा, नगर पंचायत खूंटी के अध्यक्ष अर्जुन पाहन, समाजसेवी हरिनारायण कश्यप और मनोज कश्यप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में शहर के सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए गए और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर सामूहिक भोज एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिसमें वेज नॉनवेज व्यंजनों के साथ ही लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद उठाया। इससे पूर्व अपने संबोधनों में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और कोचे मुंडा ने रंगों के त्योहार होली की महत्ता पर प्रकाश डाला और लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के आयोजक परमानंद कश्यप ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शहर में प्रेम एवं भाईचारा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत कुछ वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आपसी भाईचारा के साथ परंपरागत रूप से होली मनाने की अपील की। समारोह में सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, ज्योतिष भगत, जितेंद्र कश्यप, मदन मोहन मिश्रा, महेंद्र भगत, रमेश मांझी, अनूप साहू, लक्ष्मण गौंझू, रामकुमार भगत, आनंद कुमार, विश्वजीत देवघरिया, जगन्नाथ मुंडा सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल थे।



होली मिलन समारोह का उद्घाटन करते विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा व अन्य।

## सनातन धर्म का अभिन्न अंग है जनजातीय समाज : कमल डामोर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** हिंदू युवा जनजाति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल डामोर ने कहा कि जनजातीय समाज सनातन धर्म का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक षड्यंत्र के तहत ईसाई मिशनरियों द्वारा आदिवासियों को सनातन धर्म से अलग करने का प्रयास किया जा रहा है। डामोर सोमवार को ***आजाद सिपाही*** के साथ बातचीत में कहा कि झारखंड का जनजातीय समाज काफी सीधासादा है। ईसाई मिशनरियां इसका गलत लाभ उठा रही है। उन्होंने कहा कि मिशनरियों का खौफ इस प्रकार बढ़ गया है कि लोग धर्मांतरण के खिलाफ आवाज नहीं उठा पाते। उन्होंने कहा कि अमर स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा जैसे वीरों ने झारखंड ही नहीं, पूरे भारत देश को अपने धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को मिलनेवाला लाभ का बहुत बड़ा हिस्सा अवैध रूप से ईसाई समुदाय के लोग हड़प रहे है। उन्होंने कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाले लोगों को जनजातीय समुदाय के लोगों को मिलने वाले लाभ को लेने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के हक के लिए पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है। हिंदू युवा जनजाति संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि पेसा कानून सनातन का रक्षक है, और इसे लागू करने से ही सनातन की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि रूढ़ि प्रथा ही जनजाति जीवन की संजीवनी है। अध्यक्ष ने कहा कि खूंटी में हिंदू युवा जनजाति संगठन का विस्तार बहुत जल्द किया जाएगा।

## बाइक सवार ने ट्रक में मारी टक्कर, मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के ममरला के पास खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर बाइक- ट्रक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान विपिन भेंगरा (23 वर्ष) के रूप में की गई। वह तोरपा थाना के बोतलो डुमरटोली का रहने वाला था। वह मार्शल भेंगरा का पुत्र था। घटना की सूचना पाकर तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, थाना प्रभारी मनीष कुमार और अन्य अधिकारी रेफरल अस्पताल पहुंचे। बाद में विपिन के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। शव को तोरपा थाना में रख दिया गया है। मंगलवार को उसाका पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौपा जाएगा।

## रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा का होली मिलन समारोह

**खलारी (आजाद सिपाही)। चूरी दक्षिणी पंचायत भवन में रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा का होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता सुनील यादव और संचालन प्रयाग यादव ने किया। बैठक में 22 दिसंबर को 11 सूत्री मांग प्रबंधन को सौंपा गया था उस पर चर्चा की गयी। प्रबंधन के उदासीन रवैये से मोर्चा के लोगों मे आक्रोश है और रोजी-रोजगार पर भी चर्चा की गई। कहा गया कि प्रबंधन पहल नहीं करता है तो ग्रामीण डकरा प्रोजेक्ट का कार्य बंद कराने के लिए बाध्य होंगे। अंत में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। बैठक में मुखिया मल्का मुंडा, श्याम जी, मनदीप यादव, राजु यादव, रबिंदर यादव, प्रयाग यादव, गणेश यादव बजरंग यादव, बबलू यादव आदि मौजूद थे।**

## नौढ़ी गांव में बेकार साबित हो रही सरकार की ग्रामीण जलापूर्ति योजना

स्वरूप भट्टाचार्य

**अड़की (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नौढी गांव में सरकार की ग्रामीण जलापूर्ति योजना बेकार साबित हो रही है। सभी पानी टंकी विगत एक वर्षो से खराब हैं। इन पानी टंकी का निर्माण वर्ष 2019-20 में हुआ था। नौढी गांव में लगभग पांच हजार की जनसख्या है, जो अड़की प्रखंड में सबसे अधिक जनसंख्या वाला गांव है। इस गांव में ग्रामीण जलापूर्ति योजना द्वारा चलाये जा रहे सभी सात पानी टंकी खराब अवस्था में है। गांव के मुख्य रोड से घुसने पर पहले पाइक टोला मिलता है उसके बाद मछुआ टोला। दोनों टंकी लगभग डेढ़ वर्षो से खराब है। इसी तरह सेठ टोला, लोहरा टोला, मुंडा टोला, पंचायत भवन में लगा टंकी इसी अवस्था में है। पानी टंकी खराब होने से गांव के ग्रामीणों को पानी के एक-एक बुंद के लिए तरह रहे हैं। दो पानी टंकी में हस्तचलित नल लगा हुआ है उसका इस्तेमाल तो लोग अपने हाथ से चलाकर पानी ले लेते हैं लेकिन बाकी जो पांच टंकी में हस्तचलित नल नहीं लगा हुआ है। इस कारण वे किसी काम में नहीं आ रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी लगने के बाद एक बार भी मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। विभाग के अधिकारी कभी भी इन योजनाओं का सुध लेने तक नहीं पहुंचते हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत लोग अपने-अपने स्तर से कर चुके हैं, लेकिन कुछ भी समाधान नहीं निकला। लाखों रुपए में संवेदक द्वारा इसका निर्माण कार्य करवाया गया है, लेकिन लुट के कारण गुणवत्ता की कमी रह जाती है और कुछ दिनों में ही खराब हो जाती है। विभाग चुप बैठा रहता है। कुल मिलाकर पीने के पानी के लिये लोगों को तरसना पड़ रहा है। लोगों को डर है कि भीषण गर्मी पड़ने पर पानी के लाले पड़ जाएंगें।



### बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# भाजपा को और मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर पर युवा एवं उर्जावान लोगों को जोड़ें : संजय सेठ

**केंद्र सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचायें : विनय महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** भाजपा के सिल्ली विधानसभा स्तरीय बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर सोमवार को बंता पंचायत भवन में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने की। बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र अंशकालिक विस्तारक ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ के अलावा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज भी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण को लेकर चल रहे अभियान को समय सीमा के अंदर पूर्ण करें। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए युवा और ऊर्जावान लोगों को बूथ कमेटी में जोड़ें। चुनाव में बूथ जीता मतलब चुनाव जीता। वहीं, विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने कहा कि हमारा लक्ष्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और उससे अवगत कराना है, ताकि आगामी चुनाव में मतदाता भाजपा के पक्ष में अधिक मतदान करें। यह तभी संभव होगा जब हमारा बूथ मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने विस्तार पूर्वक संगठन की आगामी कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रताप कुशवाहा, भाजयुमो जिला महामंत्री उमेश महतो, सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, राहे मंडल अध्यक्ष चित्तरंजन महतो, सृष्टिधर प्रजापति, दिलेश्वर कोइरी और मनोज महतो आदि मौजूद थे।




भाजपा की कार्यशाला को संबोधित करते सांसद संजय सेठ।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सीएसआर योजना चयन को लेकर पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में सीएसआर के तहत योजनाओं के चयन को लेकर आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया। बैठक में सीएसआर योजना से क्षेत्र के विस्थापित एंव प्रभावित ग्रामीण इलाको मे स्वास्थय, शिक्षा, पेयजल, रोड सहित अन्य विकाश कार्यो के चयन को लेकर सीसीएल अधिकारियों एवं ग्रामीणों में चर्चा हुई। उपस्थित प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विस्थापित और प्रभावित गांव में सीएसआर कोष के फंड का 10 फीसदी राशि चिकित्सा कार्यो में लगाने पर सहमति बनी। वही सीएसआर के वर्तमान फण्ड को बढाकर पांच करोड कराने पर सहमति बनी,। साथ ही क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी स्कूलों मे कार्य कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय, सीएसआर पदाधिकारी उज्जवल कुमार, रवि बाड़ा के अलावा सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, विजय लाल, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, बहेरा मुखिया रेखा कुमारी, बेंती मुखिया सरीता देवी, रामचंद्र उरांव, जितेंद्र कुमार, शिवशंकर साव, खुर्शीद अंसारी,बिजली महतो, महेश महतो,मुंशी महतो आदि उपस्थित थे।

## खलारी कांग्रेस ने केंद्र के खिलाफ बीओआइ और एलआइसी शाखा के समक्ष किया प्रदर्शन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वधन में प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी के नेतृत्व में बैंक ऑफ इंडिया खलारी शाखा एवं एलआईसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अडानी और अंबानी को एलआईसी एवं बैंक का पैसों द्वारा लाभ पहुंचाया गया है। वहीं आम जनमानस की गाढ़ी कमाई को अपने मित्रों को देकर डुबाने की कोशिश की जा रही है। प्रदर्शन के दौरन केंद्र सरकार एवं अडानी अंबानी का विरोध में नारेबाजी की गई। इस मौके पर प्रदेश सचिव इंदिरा देवी, धनवीर आलम, मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह, संजय राम, शिव प्रसाद चौहान, बशीर अंसारी, अनिता देवी, मुकेश पासवान, बाबू खान, सुल्तान अंसारी, स्टेला टेम्पो, राजू एक्का, मद्धू, नसीम अंसारी, मोनू सिंह, बबलू शहीद आदि मौजूद थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने केडीएच प्रबंधन को सौंपा मांग पत्र



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा केडीएच शाखा की ओर से केडीएच परियोजना पदाधिकारी को नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है। जिसमें परियोजना विस्तारीकरण से पहले जेहलीटॉड बडकीटॉड और विश्रामपुर के रैयतों को ओबी डम्प को समतलीकरण कर विश्रामपुर पंचायत में ही विस्थापित करने, परियोजना के अन्तर्गत गैरमजरूआ खास एवं जंगल झाड़ी में नौकरी एवं मुआवजा देने रैयत ग्रामीणों को केडीएच. अंतर्गत कार्य कर रही कंपनीयां एवं ठेकेदारी में 75 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करने आदि शामिल है। मांग पत्र सौंपने वालों में जालिम सिंह, रामलखन गंझू, विनय खलखो, दामोदर गंझू, प्रभाकर गंझू, धर्मराज गंझू,सोनू गंझू, किसुन गंझू, संजय गंझू आदि थे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से हुई थी राहुल की मौत

**खलारी (आजाद सिपाही)।** एसीसी स्कूल के शिक्षक समर सेन के इकलौते पुत्र की मौत ट्रैक्टर की चपेट में आने से ही हुई थी। खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम की सक्रियता से यह तथ्य सामने आया। सोमवार को थाना प्रभारी राहुल के दोस्तों से पूछताछ की गई। थाना प्रभारी के बुलावे पर ही दोपहर बाद राहुल को उसके घर से ले जाने वाला दोस्त सुधांशु भी अपने पिता व स्वजनों के साथ थाना पहुंचा। दुर्घटना में सुधांशु को भी चोट लगी है। उसके पिता उसका इलाज कराने रांची ले गए थे। दोस्तों से पूछताछ के बाद जो बात सामने आई उसके अनुसार घटना के दिन शनिवार को राहुल सहित पांच दोस्त तीन मोटरसाइकिल से मैकलुस्कीगंज जाने के लिए निकले थे। सुधांशु और राहुल अपाची बाइक में सबसे आगे थे। पीछे से तीन दोस्त दो अलग-अलग बाइक में थे। इसी बीच करकट्टा देवी मंदिर गेट से आगे विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहा एक खाली ट्रैक्टर सामने आ गया जिससे सुधांशु का बाइक और ट्रैक्टर दोनों अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर सड़क छोड़ गड्ढे में पलट गया और बाइक के साथ सुधांशु आगे सड़क पर गिर पड़ा। परंतु राहुल सेन अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आकर वहीं गिर पड़ा। अंदरूनी चोट से उसके मुंह से खून आ गया था। पीछे से आ रहे अन्य दोस्त किसी तरह राहुल को बाइक पर बैठाकर एसीसी कालोनी स्थित डा जीतेन्द्र राय के क्लीनिक लाए। यहां डाक्टर उपलब्ध नहीं रहने के कारण सीसीएल केंद्रीय अस्पताल डकरा ले गए। जहां चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। सुधांशु के पिता नरेश अग्रवाल व मामा शंभू अग्रवाल ने थाना प्रभारी को बताया कि दूसरे के बहकावे में वे लोग राहुल के पिता के सामने नहीं आए। सुधांशु व उसके दोस्तों से पूरी बात जानने के बाद राहुल के पिता समर सेन की शंका दूर हुई। इधर खलारी थाना पुलिस भी प्राथमिकी दर्ज कर अपने अनुसंधान में जुट गई है।

## मिठाइयों व खाद्य सामग्री में न करें मिलावट : एसडीओ

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अभिहित अधिकारी सह अनुमुडल पदाधिकारी अनकेत सचान ने कहा कि प्रायः होली, दीपावली, दशहरा आदि त्योहारों में मिठाई आदि खाद्य सामग्री की मांग बढ़ जाती है। इस कारण मिलावटी मिठाई, नमकीन आदि की बिक्री करने की सम्भावना बढ़ जाती है।अनुमंडल पदाधिकारी ने अपील की कि मिठाई जैसे लड्डू, खोवा, पनीर, नमकीन आदि में किसी भी तरह का हानिकारक/घटिया क्वालिटी वाला पदार्थ की मिलावट ना करें।

## खलारी में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**खलारी (आजाद सिपाही)।** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी का होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान की नेतृत्व में मायापुर पंचायत के चीनाटांड़ गांव में हुआ। जिसका संचालन झामुमो खलारी प्रखंड कोषाध्यक्ष जैनुल खान ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखें एवं सरकार के बहू प्रतिष्ठित लाभकारी योजनाओं के बारे में सभी को बताया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने सभी से होली का त्योहार भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की। किसी के साथ जोर जबरदस्ती ना करें। समारोह में प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, सुभाष प्रजापति, दिनेश्वर सिंह, अरुण यादव, संयुक्त सचिव राजकुमार भोक्ता, चितरंजन सिंह, संगठन सचिव सीतलाल महतो, विशाल पासवान, जेसीएमयू एरिया सचिव रंथू उरांव आदि मौजूद थे।

